**NEWS CLIPPING: 10.03.2021**

## THE TRIBUNE

# JC BOSE VARSITY WINS AWARD

**Faridabad:** The JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has been conferred the Institutional Award for Legal Awareness at a function organised by the Delhi State Legal Services Authority and the Bhagidari Jan Sahyog Samiti in New Delhi recently to mark International Women's Day. The award was conferred on the university in recognising exceptional work done by its NSS wing to create awareness on legal issues by conducting various webinars. The university also won "Hindi Sevi Amarnath Shastri Running Trophy" in a debate competition.


The Tribune Wed, 10 March 2021 https://epaper.tribun

**NEWS CLIPPING: 10.03.2021**

**PUNJAB KESARI**

# मार्शल आर्ट्स सीखें, खुद को सशक्त बनाएं महिलाएं: राजश्री

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी)। समाज में महिलाओं की उपलब्धि और भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के महिला कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा स्वावलंबन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक (अपराध, यातायात और राजमार्ग) गुरुग्राम डॉ. राजश्री सिंह मुख्य अतिथि रही तथा कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. नीतू गुप्ता और स्वावलंबन ट्रस्ट के संरक्षक गंगा शंकर मिश्र ने की। इस अवसर पर ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी और विभिन्न गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। डॉ.राजश्री ने कहा कि



**जेसी बोस विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करती हुई पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राजश्री सिंह एवं अन्य।**

अगर महिलाओं को उचित अवसर और सुरक्षित वातावरण मिले तो वह कुछ भी करने में सक्षम हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि खुद को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक महिला को मार्शल आट्र्स अवश्य सीखना चाहिए ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए सक्षम बन सकें। इससे उनके आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। इस अवसर पर उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को भी साझा किया और छात्राओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर बोलते हुए कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने समाज में महिलाओं की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डाला और महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। इससे पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉण् नीता गुप्ता ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा समाज में महिलाओं के जीवन और चुनौतियों पर आधारित एक नाटक का भी मंचन किया, जिसे सभी ने काफी सराहा। कार्यक्रम में साहित्यकार सुदर्शन रत्नाकर की पुस्तक (उठो, आसमान छू लो) और भावना सक्सेना की पुस्तक (कांच सा मन) का विमोचन भी किया गया।

नाटक मंचन में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

पंजाब केसरी
Wed, 10 March 2021
mpaper.punjabkesari.com/c/58990319

**NEWS CLIPPING: 10.03.2021**

## DAINIK SAVERA TIMES

# मार्शल आर्ट्स सीखें, खुद को सशक्त बनाएं : डॉ राजश्री सिंह

फरीदाबाद (नवीन धमीजा): समाज में महिलाओं की उपलब्धि और भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए के महिला कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा स्वावलंबन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक (अपराध, यातायात और राजमार्ग) गुरुग्राम डॉ. राजश्री सिंह मुख्य अतिथि रही तथा कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्र म की अध्यक्षता महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. नीतू गुप्ता और स्वावलंबन ट्रस्ट के संरक्षक गंगा शंकर मिश्र ने की। इस अवसर पर ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी और विभिन्न गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। डॉ.राजश्री ने कहा कि खुद को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक महिला को मार्शल आर्ट्स अवश्य सीखना चाहिए ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए सक्षम बन सकें।



जेसी बोस विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करती हुई पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राजश्री सिंह एवं अन्य।

दैनिक सवेरा टाइम्स
Wed, 10 March 2021
epaper.dainiksaveratimes.org/(

**NEWS CLIPPING: 10.03.2021**

## HINDUSTAN

# 'महिलाएं मार्शल आर्ट्स सीखें और सशक्त बनें'

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में महिला कल्याण प्रकोष्ठ की ओर से स्वावलंबन ट्रस्ट के साथ मिलकर महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक (अपराध, यातायात और राजमार्ग) गुरुग्राम डॉ. राजश्री सिंह मुख्य अतिथि रही। वहीं कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग विशिष्ट अतिथि रहे।

महिला दिवस पर बधाई देते हुए डॉ. राजश्री ने कहा कि अगर महिलाओं को उचित अवसर और सुरक्षित वातावरण मिले तो वह कुछ भी करने में सक्षम हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि खुद को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक महिला को मार्शल आर्ट्स अवश्य सीखना चाहिए ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए सक्षम बन सकें। कुलसचिव ने समाज में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला और महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. नीतू गुप्ता और स्वावलंबन ट्रस्ट के संरक्षक गंगा शंकर मिश्र ने की।



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राजश्री सिंह । ● हिन्दुस्तान

**NEWS CLIPPING: 10.03.2021**

## AAJ SAMAJ

# मार्शल आट्र्स सीखें, खुद को सशक्त बनाएं महिलाएंः डॉ राजश्री

- महिला दिवस पर जेसी बोस विवि में आयोजित कायर्कम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थीं पुलिस महानिरीक्षक

आज समाज नेटवर्क



जेसी बोस विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करती पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राजश्री सिंह एवं अन्य। -आज समाज

फरीदाबाद। समाज में महिलाओं की उपलब्धि और भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के महिला कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा स्वावलंबन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुरुग्राम की पुलिस महानिरीक्षक (अपराध, यातायात और राजमार्ग) डॉ. राजश्री सिंह मुख्य अतिथि रही तथा कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. नीतू गुप्ता और स्वावलंबन ट्रस्ट के संरक्षक गंगा शंकर मिश्र ने की। इस अवसर पर ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी और विभिन्न गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। डॉ.राजश्री ने कहा कि अगर महिलाओं को उचित अवसर और सुरक्षित वातावरण मिले तो वह कुछ भी करने में सक्षम हैं। महिलाओं के खिलाफअपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि खुद को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक महिला को मार्शल आट्र्स अवश्य सीखना चाहिए ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए सक्षम बन सकें। इस अवसर पर उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को भी साझा किया और छात्राओं को प्रेरित किया। कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने भी समाज में महिलाओं की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डाला।

## स्त्री के विकास में पति का महत्वपूर्ण योगदानः नलिनी अस्थाना



गुरुग्राम में महिला दिवस के मौके पर शिरोमणि वेलफेयर फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर नलिनी अस्थाना को सम्मानित करती मेयर मधु आजाद, उत्तराखंड हाईकोर्ट की पूर्व जस्टिस निर्मल यादव व अन्य। -आज समाज

गुरुग्राम। किसी भी स्त्री की सफलता या उसकी उपलब्धि के पीछे केवल उस महिला की कड़ी मेहनत का ही हाथ नही होता बल्कि उसके पूरे परिवार का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज मैं जो कुछ भी हूं उसमें मेरी जन्म देने वाली मां मेरी मदर इन लॉ तथा मेरे पति का बराबर का योगदान है। उक्त बातें शिरोमणि वेलफ़ेयर फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर नलिनी अस्थाना ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित समारोह में कही। इस समारोह में उन्हें उत्कृष्ट महिला सम्मान दिया गया।

नलिनी ने कहा, महिलाएं एक मामले में पुरुषों से ज्यादा भाग्यशाली होती हैं उन्हें अपने जीवन में दो- दो माताओं का प्यार और आशीर्वाद प्राप्त होता है। मैं उन भाग्यशाली महिलाओं में से एक हूं जिसे अपनी दोनों ही माताओं का भरपूर प्यार और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। एक तरफ जहां विवाह से पूर्व मुझे जन्म देने वाली मां ने हर कदम पर मुझे जीवन में कुछ अच्छा करने की प्रेरणा दी, मेरा साथ दिया तथा मेरा उत्साहवर्धन किया वहीं दूसरी ओर मेरी दूसरी मां जिसे आजकल हम लोग मदर-इन-ला कहकर पुकारते हैं, उन्होंने विवाह के उपरांत मुझे कभी मेरी मां की कमी महसूस नहीं होने दी।

**NEWS CLIPPING: 10.03.2021**

## GURGAON MAIL

# मार्शल आर्ट्स सीखे, खुद को सशक्त बनाये महिलाएं : डॉ राजश्री सिंह



खेमचंद गर्ग/गुड़गांव मेल

फरीदाबाद, 9 मार्च। समाज में महिलाओं की उपलब्धि और भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के महिला कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा स्वावलंबन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक (अपराध, यातायात और राजमार्ग), गुरुग्राम डॉ. राजश्री सिंह मुख्य अतिथि रही तथा कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. नीतू गुप्ता और स्वावलंबन ट्रस्ट के संरक्षक गंगा शंकर मिश्र व अध्यक्षा श्रीमती मेघना श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी और विभिन्न गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

महिला दिवस पर बधाई देते हुए डॉ. राजश्री ने कहा कि अगर महिलाओं को उचित अवसर और सुरक्षित वातावरण मिले तो वह कुछ भी करने में सक्षम हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि खुद को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक महिला को मार्शल आर्ट्स अवश्य सीखना चाहिए ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए सक्षम बन सकें। इससे उनके आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। स्वावलंबन ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष मेघना श्रीवास्तव एवं जे.सी.बोस विश्वविधालय महिला संभाग की अध्यक्ष नीतू गुप्ता द्वारा समस्त पधारे हुये अतिथियों का स्वागत किया गया व महिला दिवस के विषय में अपने विचार व्यक्त किए गए। राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र मिश्रा द्वारा स्वावलंबन ट्रस्ट विस्तार एवं संगठन की गतिविधियो के विषय में बताया गया। उमेश उपाध्याय राष्ट्रीय संयोजक आई.टी प्रकोष्ठ द्वारा कार्यक्रम की ब्रांडिंग कर संस्था की 4 वर्ष की सारी गतिविधिया पीपीटी द्वारा प्रजेंट की गई। अतुल श्रीवास्तव राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, वीरेंद गौड़ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, विनय खरे राष्ट्रीय संगठन मंत्री, श्रीमती परिणीता सिन्हा राष्ट्रीय संयोजक साहित्य प्रकोष्ठ, श्रीमती ममता श्रीवास्तव राष्ट्रीय संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, राम श्रीवास्तव राष्ट्रीय विधिक सलाहकार, डॉ.अंजु गुप्ता राष्ट्रीय संयोजक, कौशल विकास, डॉ आशुतोष निगम, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, श्रीमती शालनी कुलश्रेष्ठ संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा संस्था की आगामी योजनाओं के विषय मे बताया गया। श्रीमती कमल धामिजा राष्ट्रीय सचिव राष्ट्रीय सह- शिक्षा प्रकोष्ठ, श्रीमती सीमा सिंह प्रांत संयोजक-उप्र(साहित्य प्रकोष्ठ), श्रीमती मोना सहाय सह-संयोजक-उप्र(साहित्य प्रकोष्ठ) श्रीमती रचना निर्मल प्रांत संयोजक-दिल्ली (साहित्य प्रकोष्ठ) आदि के द्वारा महिला शशक्ति करण कवित प्रस्तुत की गई । स्वावलंबन ट्रस्ट की अध्यक्षा श्रीमती मेघना श्रीवास्तव ने समाज में महिलाओं की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डाला और महिला सशक्तिकरण पर बल दिया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 10.03.2021**

## SATYAJAY TIMES

# आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर हरियाणा-शिक्षकों की भूमिका विषय पर सेमीनार का आयोजन

फरीदाबाद, 09 मार्च, सत्यजय टाईम्स/देवेन्द्र माथुर। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर हरियाणा-शिक्षकों की भूमिका विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यवक्ता एवं मुख्यअतिथि के तौर पर अखिल भारतीय सहसंगठक स्वदेशी जागरण मंच सतीश कुमार जी शामिल हुए वही विशिष्ठ अतिथि के तौर पर हरियाणा हायर एजुकेशन कौसिंल के अध्यक्ष प्रो बीके कुठियाला, जेसी बोस यूनिवर्सिटी फरीदाबाद के कुलपति प्रो दिनेश कुमार, गुरूग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ मार्कण्डेय आहूजा, पदमश्री एवं सुप्रसिद्ध भारतीय गायक कैलाश खेर शामिल हुए।



कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व-विद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने की एवं कार्यक्रम में संयोजिका कि भूमिका डीन प्रो ज्योति राणा ने निभाई। आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर हरियाणा-शिक्षकों की भूमिका विषय पर अपनी बात रखते हुए मुख्यवक्ता एवं मुख्य अतिथि अखिल भारतीय सहसंगठक स्वदेशी जागरण मंच सतीश कुमार जी ने कहा कि हमने प्रयास करना है कि प्रत्येक व्यक्ति को उसकी आंतरिक शक्ति के आधार पर खडा करना है। आत्मनिर्भर भारत का सिद्धांत कहता है कि आत्मविश्वास रखें। हम खुद के दम पर बहुत कुछ कर सकते हैं। विद्यार्थियों के टीचर के साथ उनके अभिभावक बनेगें तो विद्यार्थियों का कल्याण ज्यादा होगा। पदमश्री एवं सुप्रसिद्ध भारतीय गायक कैलाश खेर ने ऑनलाइन माध्यम से शामिल होकर कहा कि पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। अब भारत विश्व को बताऐगा कि कैसे जीवन को चलाना है। भारत को प्रेम करने वाले जाग गये हैं। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही आत्मनिर्भर था, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय कौशलता के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहा है। राज नेहरू ने कहा कि हमें अपनी असफलताओं को सामने लाना चाहिए, जिससे ज्यादा बेहतर कार्य किये जा सके। हमें खुद की ज्वॉइस के स्किल के कार्यों को चुनना चाहिए एवं उस क्षेत्र में अदभूत कार्य करें। गुरूग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ मार्कण्डेय आहूजा ने कहा कि हमें अपने पुराने स्किल से संबंधित कार्यों को पुन शुरू कर देना चाहिए। हमारे गांव में हर तरह की कौशल से संबंधित कार्य हैं। ज्ञान कहीं से आता नही है यह अंतरनिहित है, इसलिए विद्यार्थियों को अपने टैलेंट को पहचानने की जरूरत है। जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेगें, देश आत्मनिर्भर होगा। हरियाणा हायर एजुकेशन कौसिंल के अध्यक्ष प्रो बीके कुठियाला ने कहा कि शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के माध्यम से बच्चों की प्रवृति पर काम करें।

हरियाणा के विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा प्रदान की जाएं, जिसमें जैसे ही विद्यार्थी स्नातक स्तर की शिक्षा हासिल करे उसमें कौशल से संबंधित कोई न कोई हुनुर होना चाहिए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो आरएस राठौर ने उपस्थित सभी का धन्यवाद किया एवं कहा कि आत्मनिर्भर हरियाणा में शिक्षकों की भूमिका बड़ी महत्वपूर्ण होगी। कार्यक्रम की संयोजक डीन प्रो ज्योति राणा ने इस दौरान कुलपति राज नेहरू एवं गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विश्वविद्यालय का सभी शिक्षकए गैरशिक्षक स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन की भूमिका डॉ वैशाली महेशवरी एवं अर्चना ठकरान ने निभाई। आईटी टीम से गणेश एवं प्रवीण ने बेहतर टैक्नीकल कार्य किया एवं डॉ नुकुल एवं डॉ प्रीति ने कॉर्डिनेशन में अपनी बेहतर भूमिका निभाई।

**NEWS CLIPPING: 10.03.2021**

**DAINIK JAGRAN**

# मार्शल आर्ट्स सीखें, खुद को सशक्त बनाएं महिलाएं : डा. राजश्री सिंह

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय के महिला कल्याण प्रकोष्ठ और स्वावलंबन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक (अपराध, यातायात और राजमार्ग) गुरुग्राम डा. राजश्री सिंह मुख्य अतिथि रही तथा कुलसचिव डा. सुनील कुमार गर्ग विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डा. नीतू गुप्ता और स्वावलंबन ट्रस्ट के संरक्षक गंगा शंकर मिश्र ने की। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी और अन्य लोग भी उपस्थित थे।

डा. राजश्री ने कहा कि अगर महिलाओं को उचित अवसर और सुरक्षित वातावरण मिले तो वह कुछ भी करने में सक्षम हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि खुद को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक महिला को मार्शल आर्ट्स अवश्य सीखना चाहिए ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए सक्षम बन सकें। कुलसचिव डा. एसके गर्ग ने समाज में महिलाओं की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डाला और महिला सशक्तिकरण पर बल दिया।



जेसी बोस विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वावलंबन ट्रस्ट के संरक्षक गंगा शंकर मिश्रा मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक डा. राजश्री सिंह को स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए। साथ में कुलसचिव डा. सुनील कुमार गर्ग तथा डा नीतू गुप्ता (बाएं से दाएं) • सौजन्य विश्वविद्यालय प्रवक्ता

डा. नीता गुप्ता ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा समाज में महिलाओं के जीवन और चुनौतियों पर आधारित एक नाटक का भी मंचन किया। कार्यक्रम में साहित्यकार सुदर्शन रत्नाकर की पुस्तक उठो, आसमान छू लो और भावना सक्सेना की पुस्तक कांच सा मन का विमोचन भी किया गया। नाटक मंचन में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

**NEWS CLIPPING: 10.03.2021**

**SATYAJAY TIMES**

# मार्शल आर्ट्स सीखे, खुद को सशक्त बनाये महिलाएं : डॉ. राजश्री

बल्लभगढ़, 09 मार्च, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। समाज में महिलाओं की उपलब्धि और भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के महिला कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा स्वावलंबन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक (अपराध, यातायात और राजमार्ग), गुरुग्राम डॉ. राजश्री सिंह मुख्य अतिथि रही तथा कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग विशिष्ट अतिथि रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. नीतू गुप्ता और स्वावलंबन ट्रस्ट के संरक्षक श्री गंगा शंकर मिश्र ने की। इस अवसर पर ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी और विभिन्न गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। महिला दिवस पर बधाई देते हुए डॉ. राजश्री ने कहा कि अगर महिलाओं को उचित अवसर और सुरक्षित वातावरण मिले तो वह कुछ भी करने में सक्षम हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि खुद को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक महिला को मार्शल आर्ट्स अवश्य सीखना चाहिए ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए सक्षम बन सकें। इससे उनके आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। इस अवसर पर उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को भी साझा किया और छात्राओं को प्रेरित किया।

कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने समाज में महिलाओं की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डाला और महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। इससे पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. नीता गुप्ता ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा समाज में महिलाओं के जीवन और चुनौतियों पर आधारित एक नाटक का भी मंचन किया, जिसे सभी ने काफी सराहा। कार्यक्रम में साहित्यकार सुदर्शन रत्नाकर की पुस्तक झउठो, आसमान छू लोझ और भावना सक्सेना की पुस्तक कांच सा मन का विमोचन भी किया गया। नाटक मंचन में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थिकों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

**NEWS CLIPPING: 10.03.2021**

## SATYAJAY TIMES

# जे.सी. बोस को कानूनी जागरूकता के लिए मिला पुरस्कार

बल्लभगढ़, 09 मार्च, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद को कानूनी जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कानूनी जागरूकता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में दिल्ली राज्य विधि सेवा प्राधिकरण और भागदारी जन सहयोग समिति द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया।

एनएसएस विंग द्वारा विभिन्न वेबिनार के माध्यम से कानूनी मुद्दों पर जागरूकता लाने के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों को मान्यता देने में विश्वविद्यालय को पुरस्कार के लिए चुना गया। विश्वविद्यालय ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिंदी सेवी अमरनाथ शास्त्री रनिंग ट्रॉफी भी जीती। बीएससी कैमिस्ट्री की छात्रा लताक्षी शर्मा महिला सशक्तिकरण पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार और बीएससी फिजिक्स के छात्र रुद्र अग्रवाल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 10.03.2021**

**VEER ARJUN**

# मार्शल आट्र्स सीखें, खुद को सशक्त बनाएं महिलाएं: डॉ. राजश्री सिंह

फरीदाबाद, (वीअ)। समाज में महिलाओं की उपलब्धि और भूमिका को मान्यता देने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के महिला कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा स्वावलंबन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक (अपराध, यातायात और राजमार्ग) गुरुग्राम डॉ. राजश्री सिंह मुख्य अतिथि रही तथा कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. नीतू गुप्ता और स्वावलंबन ट्रस्ट के संरक्षक गंगा शंकर मिश्र ने की। इस अवसर पर ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी और विभिन्न गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। डॉ.राजश्री ने कहा कि अगर महिलाओं को उचित अवसर और सुरक्षित वातावरण मिले तो वह कुछ भी करने में सक्षम हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि खुद को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक महिला को मार्शल आट्र्स अवश्य सीखना चाहिए ताकि वे किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए सक्षम बन सकें। इससे उनके आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।